**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-6**

उत्तर देने की तारीख-21/07/2025

**सरकारी विद्यालयों में नामांकन में गिरावट**

**†*6. प्रो. सौगत राय:**

**श्री किशोरी लाल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान इस बात पर गया है कि देश के सरकारी विद्यालयों में नामांकन में भारी गिरावट आई हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान सरकारी विद्यालयों में हुए नामांकन का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सरकारी विद्यालयों में भारी गिरावट के कारणों का पता लगाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

**''सरकारी विद्यालयों में नामांकन में गिरावट'' के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. सौगत राय और श्री किशोरी लाल द्वारा पूछे गए दिनांक 21.07.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए स्कूल शिक्षा संकेतकों पर डेटा रिकॉर्ड करने के लिए शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइज+) प्रणाली विकसित की है। यूडाइज़+ के अनुसार, वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक सरकारी स्कूलों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नामांकन अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है तथा अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अधिकार क्षेत्र में हैं। केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के अंतर्गत बालवाटिका से कक्षा 8 तक प्रदान की जाने वाली समग्र शिक्षा और मध्याह्न भोजन की केंद्र प्रायोजित योजना के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करती है। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या कम करने और नामांकन बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है, जिसमें उच्च माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलना/सुदृढ़ करना, स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, कक्षा 12 तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की स्थापना और उन्नयन और संचालन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के नाम से आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों की स्थापना, प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत छात्रावास, परिवहन भत्ता, नामांकन अभियान चलाना, मौसमी छात्रावास/आवासीय शिविर, स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी सुविधाओं का प्रावधान, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें और मुफ्त वर्दी, परिवहन/मार्गरक्षण सुविधा आदि प्रदान करना शामिल है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहायक सामग्री और उपकरणों के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2024-25 के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में समग्र शिक्षा के अंतर्गत केंद्रीय निर्मुक्ति 3445820.90 लाख रुपये है।

साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की सिफारिशों के आधार पर, वर्ष 2022-23 से यूडाइज+ को पुनर्जीवित किया गया है, ताकि व्यक्तिगत विद्यार्थी-वार डेटा प्राप्त किया जा सके और विद्यार्थी की रजिस्ट्री बनाई जा सके। वर्ष 2022-23 से सकल नामांकन डेटा से लेकर व्यक्तिगत छात्र डेटा तक डेटा संग्रह के तरीके में पूरी तरह से बदलाव किया गया है। इससे पिछले वर्षों के डेटा की तुलना सांख्यिकीय रूप से भिन्न/अपूर्ण हो जाती है।

*****

अनुलग्नक-I

**''सरकारी विद्यालयों में नामांकन में गिरावट'' के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. सौगत राय और श्री किशोरी लाल द्वारा पूछे गए दिनांक 21.07.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 6 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक सरकारी विद्यालयों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नामांकन**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नामांकन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| भारत | 130931634 | 134904560 | 143240480 | 136204917 | 127490199 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 51905 | 49943 | 51168 | 52059 | 48792 |
| आंध्र प्रदेश | 4042535 | 4627208 | 4696207 | 4256013 | 4050116 |
| अरुणाचल प्रदेश | 213421 | 234914 | 233908 | 205522 | 187634 |
| असम | 5031895 | 5097436 | 5277671 | 5151710 | 5017578 |
| बिहार | 19579263 | 20874968 | 21989445 | 20359013 | 17466574 |
| चंडीगढ़ | 152561 | 153489 | 165156 | 164241 | 155752 |
| छत्तीसगढ | 4000147 | 4042244 | 4262053 | 4082523 | 3947170 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 83154 | 84162 | 91026 | 93770 | 93333 |
| दिल्ली | 2409441 | 2542240 | 2796676 | 2776216 | 2571404 |
| गोवा | 43547 | 42857 | 42932 | 42653 | 41722 |
| गुजरात | 5295130 | 5334822 | 5570875 | 5511272 | 5459151 |
| हरियाणा | 2131579 | 2232333 | 2602484 | 2464486 | 2230123 |
| हिमाचल प्रदेश | 851783 | 847735 | 900749 | 872058 | 831845 |
| जम्मू और कश्मीर | 1271045 | 1324301 | 1473368 | 1454668 | 1421643 |
| झारखंड | 4810045 | 4873009 | 5242868 | 4943098 | 4843847 |
| कर्नाटक | 4906231 | 5031606 | 5445989 | 5327221 | 4985661 |
| केरल | 1725686 | 1757209 | 1862020 | 1854934 | 1801570 |
| लद्दाख | 27072 | 28744 | 29312 | 28667 | 26275 |
| लक्षद्वीप | 12606 | 13114 | 13586 | 12587 | 12591 |
| मध्य प्रदेश | 9119353 | 8904779 | 9429734 | 9095629 | 8671760 |
| महाराष्ट्र | 5646319 | 5594726 | 5853094 | 5481157 | 5325571 |
| मणिपुर | 199958 | 201758 | 216636 | 212608 | 203508 |
| मेघालय | 478070 | 482425 | 477232 | 438863 | 420993 |
| मिजोरम | 127509 | 132230 | 143345 | 135515 | 129068 |
| नगालैंड | 174882 | 171747 | 170219 | 156175 | 141852 |
| ओडिशा | 5514876 | 5213350 | 5255198 | 5267551 | 5209594 |
| पुदुचेरी | 83809 | 87867 | 97368 | 91295 | 83737 |
| पंजाब | 2686786 | 2876825 | 3090436 | 2902536 | 2823581 |
| राजस्थान | 8521720 | 8955632 | 9912280 | 9250493 | 8381575 |
| सिक्किम | 89876 | 85980 | 84411 | 79597 | 71839 |
| तमिलनाडु | 4593422 | 4775207 | 5314845 | 5042026 | 4840034 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 2837635 | 2896974 | 3303699 | 3009212 | 2779713 |
| त्रिपुरा | 562047 | 536724 | 542892 | 524284 | 508036 |
| उत्तर प्रदेश | 16857549 | 17576345 | 19056651 | 18018332 | 15868581 |
| उत्तराखंड | 941454 | 916631 | 980808 | 942657 | 870147 |
| पश्चिम बंगाल | 15857323 | 16303026 | 16564139 | 15904276 | 15967829 |

स्रोत: यूडाइज़+

*****